आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 16.03.2026 समय : 02.10pm

ओडिशा आग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा के कटक में आग दुर्घटना में मरने वालों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि कटक स्थित एस.सी.बी. मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आई.सी.यू. में आज सुबह आग लगने से दस मरीजों की मौत हो गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है।

मुख्यमंत्री-भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में जारी विकास कार्यों और नवाचारों की प्रगति से अवगत कराया।

राज्यसभा - एलपीजी संकट

राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने देश में कथित एलपीजी संकट को लेकर कांग्रेस पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया है और कहा कि इस संकट में भारत की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने सदन को बताया कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति के कारण संकट उत्पन्न हुआ है। श्री नड्डा ने आरोप लगाया कि एक कांग्रेस नेता को एलपीजी सिलेंडर जमाखोरी करते हुए पकड़ा गया है और उनके नेता जनता को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट के दौरान देश के साथ खड़े होने के बजाय, वे इस मुद्दे पर केवल दहशत फैला रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश की नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए आगामी 19 मार्च से प्रदेशव्यापी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारंभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में पवित्र क्षिप्रा नदी के तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का भव्य शुभारंभ करेंगे। 'जल स्रोतों का संरक्षण-

भविष्य की सुरक्षा' के ध्येय वाक्य के साथ शुरू हो रहे इस अभियान के तहत प्रदेश की नदियों, बावड़ियों, तालाबों और कुओं के पुनरुद्धार के कार्य जनभागीदारी से किए जाएंगे।

कृषक सम्मेलन

कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत आज से खण्डवा में दो दिवसीय मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन का शुभारंभ हो रहा है। नई कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'श्रीअन्न' यानी मोटे अनाज के उत्पादन और इसके पोषण संबंधी फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कृषि उप संचालक नितेश यादव के अनुसार, मेले में कोदो, कुटकी और रागी जैसे मिलेट्स से बने व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है।

निर्गुण समारोह

रीवा में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग और भोजपुरी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में आज से दो दिवसीय 'निर्गुण समारोह' का भव्य शुभारंभ हो रहा है। समारोह के पहले दिन आज बनारस के डॉ. मन्नू यादव और रीवा की मणिमाला सिंह अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

मौसम

प्रदेश में गर्मी के बीच मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है । मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में भोपाल, इंदौर और जबलपुर समेत कई बड़े शहरों में तापमान 36 डिग्री के पार पहुँच गया है, लेकिन 17 मार्च की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इस नए सिस्टम के प्रभाव से 18 और 19 मार्च को प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक के आसार हैं, जिससे तपती गर्मी से अस्थायी राहत मिल सकती है।

समाचार संक्षेप में :-

- शिवपुरी जिले में राशन कार्डधारकों को मार्च एवं अप्रैल माह का एकमुश्त राशन 15 अप्रैल तक और मई जून माह का एकमुश्त राशन 01 मई से 31 मई तक वितरित किया जाएगा।
- आगरमालवा के कक्षा 10 वीं और 12 वीं के दो छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिये किया गया है। दोनो छात्रों को 10–10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई हैं।
  और
- जबलपुर में जमतरा स्थित नर्मदा तट पर दो युवक डूब गये जिनमें से एक का शव जलहरी घाट पर मिला जबकि एक अन्य की तलाश जारी है।